सार-समाचार

शहर में 6 जीवीपी पोईंट पर पेंटिंग करवाई

चूरू (निसं)। जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशानुसार चूरू शहर को सुंदर बनाने की दिशा में नगरपरिषद द्वारा शहर के 06 जीवीपी पोईंट्स पर पेंटिंग करवाई गई। नगरपरिषद आयुक्त अभिलाषा सिंह ने बताया कि शहर में नटराज होटल के सामने, पारख बालिका स्कूल, ब्रहमकुमारी आश्रम, राम मन्दिर के सामने, जैन श्वेताम्बर स्कूल के पास, स्टेशन रोड स्थित स्टाईलो टेलर के सामने सहित कुल 06 जीवीपी पॉइंट्स पर पेंटिंग करवाई गई है। उन्होंने बताया कि 02 येलो स्पोट विशाल मेगा मार्ट के सामने, राम मन्दिर के सामने, 03 रेड स्पोट क्रमशः भरतिया अस्पताल व आंखों के अस्पताल की दीवार (02 साईड) आदि स्थानों पर सफाई करवाकर वॉल पेन्टिग करवाई गई है तथा येलो स्पोट के 01 स्थान पर वॉल पेन्टिग करवाकर शीशे के टुकडे लगाये गये हैं। इसके अतिरिक्त नगरपरिषद चूरू द्वारा शहर से हटाए गए जीवीपी पोइंट, येलो एवं रेड स्पोट कचरा/पेशाब कर गन्दगी फैलाने वालों के खिलाफ चालान जारी कर जुर्माना लगाया जाएगा। नगर परिषद के सफाई निरीक्षक, कार्यवाहक सफाई निरीक्षक व सफाई टीम द्वारा नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है।

'प्रगति के पथ पर ले जाने वाला साबित होगा राज्य बजट'

रतनगढ़ (निसं)। रतनगढ़ के पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि ने राज्य बजट 2025 पर प्रतिक्रिया देते हुए इसे राज्य को प्रगति के पथ पर ले जाने वाला एवम सभी वर्गों के चंहुमुखी विकास करने वाला ऐतिहासिक बजट बताया है । महर्षि ने कहा कि राज्य की बजट घोषणा में 150 यूनिट फ्री बिजली,किसान सम्मान निधी की राशि बढाकर 9 हजार रुपये प्रतिवर्ष, कमजोर आय वर्ग के बुजुर्गों एवं विधवाओं की पेंशन 1250 रुपये,2 लाख घरों में नए पानी के कनेक्शन,आगामी एक वर्ष में एक लाख पच्चीस हजार नौकरीयां, 20 लाख महिलाओं को लखपति दीदी बनाने की योजना एवम पेयजल आपूर्ति को मजबूत बनाने के लिए 1500 हेडपंप एवम 1000 ट्यूबवेल स्वीकृत करने सहित राज्य के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई है। महर्षि ने कहा कि राज्य बजट मजदूर, किसान, युवा, महिला, वंचित सहित सभी वर्गों को राहत प्रदान करने वाला है। प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा पारित राज्य बजट-2025 अग्रणीय राजस्थान बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

आत्मरक्षा शिविर समापन समारोह

रतनगढ़, (निसं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सांगासर में गत वर्ष के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को राज्य सरकार की ओर से प्रदत्त टेबलेट वितरित किये गये।साथ ही सुमन कंवर के निर्देशन में चल रहे रानी लक्ष्मीबाई आत्म रक्षा शिविर का समापन समारोह भी मनाया गया।समारोह में विद्यालय की बालिकाओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया और शिविर के दौरान सिखाये गये दांव-पेंच भी प्रस्तुत किये।सुमन कंवर ने शिविर के महत्व पर प्रकाश डाला।पूर्णाराम गोदारा,बल्लूराम, गीता देवी ,बनारसी देवी,खेमराज सोमदत्त ओमप्रकाश मंचस्थ थे।मंचस्थ अतिथियों ने कक्षा दस की प्रतिभाओं माया,प्रियंका, कौशल्या और कृष्णा को टेबलेट वितरित किये। इस अवसर पर नेहा मीणा, सविता आदि स्टाफ सदस्यों के साथ समस्त विद्यार्थी, अभिभावक और गणमान्य ग्रामीण जन उपस्थित थे।

नगर पालिकाओं के परिसीमांकन के प्रस्ताव भिजवाने के निर्देश

सीकर, (निसं)। जिला निर्वाचन अधिकारी मुकुल शर्मा द्वारा स्वायत शासन विभाग के निर्देशानुसार जनगणना वर्ष 2011 के आधार पर जिले की समस्त नगर पालिकाओं के परिसीमांकन से संबंधित प्रस्ताव भिजवाने एवं आपत्तियां आमंत्रित करने संबंधित निर्देश दिए गए हैं। जारी निर्देशों के अनुसार 16 फरवरी से 20 मार्च 2025 तक वार्ड के परिसीमांकन के प्रस्ताव तैयार कर प्रकाशन करने के निर्देश दिए गए हैं। 21 मार्च से 10 अप्रैल 2025 तक परिसीमांकन के प्रस्तावों पर आपत्ति आमंत्रित कर आपत्ति प्राप्त की जाएंगी। 11 अप्रैल से 1 मई 2025 तक वार्ड गठन प्रस्ताव के नक्शे एवं प्राप्त दावों एवं आपत्तियों पर टिप्पणी सहित राज्य सरकार को विशेष वाहक द्वारा भेजा जाएगा। 2 से 15 मई 2025 तक राज्य सरकार द्वारा आपत्तियों का निस्तारण एवं प्रस्तावों का अनुमोदन किया जाएगा।

जागरुकता शिविर 21 फरवरी को

सीकर, (निसं)। जिला उद्योग केन्द्र की महाप्रबंधक विकास सिहाग ने बताया कि जिले में अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लोगों को आद्यौगिक क्षेत्र में बढावा देने के लिए जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र, सीकर द्वारा 21 फरवरी 2025 को अरबन हाट, मण्डी के सामने जयपुर रोड़ सीकर में डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजस्थान दलित आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजनानतर्गत जागरूकता शिविर आयोजन का आयोजन प्रातः 11 बजे से किया जायेगा। शिविर में डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजस्थान दलित आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना की जानकारी एवं आवेदन पत्र तैयार किये जायेंगे। योजना की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। इसका लाभ अनुसूचित जाति एवं जनजाति के सभी उद्यमी, बेरोजगार युवक, दस्तकार एवं बुनकर उठा सकते हैं।

गुरुकुल कम्प्यूटर का उद्घाटन

तारानगर (निसं)। तारानगर के वार्ड 28 की पार्षद रेखा शर्मा ने क्षेत्र के मॉडर्न स्कूल के पास स्थित गुरुकुल कम्प्यूटर का उद्धघाटन किया। गुरुकुल कम्प्यूटर के संचालक जितेंद्र शर्मा ने बताया कि राजस्थान सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से संचालित योजना के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं को निःशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण दिया जायेगा एवं महिलाओं व बालिकाओं को बेसिक कोर्स, ऑफिस व इन्टरनेट से सम्बन्धित पाठ्यक्रम सिखाया जाएगा। इस अवसर पर चयनित सभी महिलाओं व बालिकाओं को निःशुल्क पुस्तकें व पेन देकर कम्प्यूटर पर प्रशिक्षण की कक्षाएं शुरू की गई। इस अवसर पर सुनीता शर्मा, हर्ष शर्मा, आदिल खान, कार्तिक ओझा, रमाकांत प्रजापत, नदीम खान, वासु पारीक सहित काफी गणमान्य लोग उपस्थित थे।

स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी (निसं)। यहां ऋषिकुल विद्यापीठ में मंगलवार को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 150 से अधिक छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस शिविर में बच्चों के शारीरिक स्वास्थ्य का व्यापक मूल्यांकन किया गया ।जिसमें उनके वजन, लंबाई, दृष्टि, त्वचा, नाक और दंत स्वास्थ्य की जांच की गई। शिविर में बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिषेक पारीक और दंत चिकित्सक डॉ. गायत्री के नेतृत्व में विशेषज्ञ टीम ने बच्चों की स्वास्थ्य जांच की। शिविर के दौरान सभी छात्र अपने माता-पिता के साथ उपस्थित रहे और उन्होंने डॉक्टरों से परामर्श लिया। विद्यालय के प्राचार्य एवं निदेशक ने चिकित्सक व उनकी टीम का धन्यवाद दिया।

यात्रा के पोस्टर का विमोचन

झुंझुनूं, (निसं)। एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष विनोद जाखड के निर्देशानुसार प्रदेश महासचिव मोहित जनेवा के द्वारा सूरजगढ विधायक श्रवण कुमार, पिलानी विधायक पितराम काला, प्रधान संघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं झुंझुनूं कांग्रेस जिलाध्यक्ष दिनेश सुंडा से नशा छोडो जीवन जोडो यात्रा का पोस्टर विमोचन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर कर शिक्षा, खेल और स्वस्थ जीवन की ओर प्रेरित करना है। एनएसयूआई राजस्थान पूरे प्रदेश में जागरूकता फैलाकर युवाओं को सही दिशा देने और नशे के खिलाफ आवाज उठाने के लिए संकल्पबद्ध है।

'प्रदेश का बजट खुशहाली देना वाला'

झुंझुनूं, (निसं)। प्रदेश की डबल इंजन की सरकार में उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी द्वारा प्रदेश का बजट पेश किए जाने पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे ने प्रशंसा व्यक्त की। बजट पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के जिलाध्यक्ष शौकत अली चौहान ने बताया कि सभी को खुशहाली देने वाला बजट पेश हुआ है। मोर्चा जिलाध्यक्ष चौहान ने बताया कि 150 यूनिट फ्री बिजली बड़ी घोषणा है। इसके अलावा पांच लाख घरेलु तथा पांच लाख नए कृषि कनेक्शन से राहत मिलेगी। युवाओं को नौकरियों का वादा भी बजट में किया गया है। इसके अलावा नई बसों से यातायात सुगम होगा।

जिला स्तरीय जनसुनवाई आज

चूरू (निसं)। जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा की अध्यक्षता में पुराने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित जन सेवा केन्द्र में गुरुवार 20 फरवरी को सुबह 11 बजे जिला स्तरीय जनसुनवाई व समाधान शिविर आयोजित किया जाएगा। एडीएम अर्पिता सोनी ने बताया कि जनसुनवाई के दौरान जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा जिलेभर के लोगों की समस्याएं सुनेंगे।

आज के वक्त में हाथों की कला की महत्ती आवश्यकता : राज्यपाल

पिलानी, (निसं)। महामहिम राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने बुधवार को झुंझुनूं के पिलानी में स्थित सीएसआईआर सीरी में स्किल कॉन्क्लेव में हिस्सा लिया। यह कॉन्क्लेव इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम डिजाइन एवं मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र में कौशल विकास, अनुसंधान और नवाचार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। जिसमें देशभर के युवाओं ने हिस्सा लिया।

इस मौके पर राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने नई शिक्षा नीति 2020 की प्रशंसा करते हुए कहा कि नई शिक्षा नीति में कौशल को काफी महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। सच भी यही है कि यदि हाथों में कला हो और डिग्री नहीं हो तो व्यक्ति अपना जीवन जी सकता है। परिवार चला सकता है। लेकिन डिग्री हो और हाथों में कला नहीं हो। तो उसके जॉब की जरूरत होती है। बिना जॉब उसका जीवन संघर्षपूर्ण होता है। उन्होंने मैकाले की शिक्षा पद्धित की चर्चा करते हुए कहा कि भारत पर राज करने के लिए मैकाले ने अपनी शिक्षा पद्धित भारत पर थोपी थी। जबकि भारत की गुरूकुल वाली शिक्षा पद्धित में आत्मसम्मान, स्वाभिमान, संस्कार और शिक्षा, सभी का समावेश था। इससे पहले पिलानी पहुंचने पर सीरी निदेशक डॉ. पीसी पंचारिया ने राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े का स्वागत किया।

इस मौके पर सीरी में लगाई गई विज्ञान के सफर पर आधारित मूर्ति का अनावरण राज्यपाल द्वारा किया गया। राज्यपाल ने प्रदर्शनी के जरिए अब तक सीरी के सफर तथा सीरी द्वारा देश व देशवासियों के लिए किए गए आविष्कारों की प्रदर्शनी को देखा और उसकी जमकर तारीफ भी की। इस मौके पर बायो मेडिकल क्षेत्र में पीसीआर से जुड़ी एक और तकनीक को एक कंपनी को हस्तान्तरित किया गया। निदेशक डॉ. पीसी पंचारिया ने बताया कि फिलहाल सीरी बायो मेडिकल क्षेत्र में लगातार ऐसी मशीनों के आविष्कार कर रहा है। जो मशीनें फिलहाल महंगी कीमतों में विदेशों से मंगवानी पड़ रही है।

मुख्य समारोह से पहले राज्यपाल द्वारा ''विज्ञान की जीवन धारा'' मूर्ति का अनावरण किया गया। यह मूर्ति विज्ञान एवं वैज्ञानिक अनुसंधान और नवाचारों द्वारा आम जनमानस को लाभान्वित करने का प्रतीक है। इसके साथ ही राज्यपाल ने संस्थान की इलेक्ट्रॉनिक साइंस गैलरी और सेमीकंडक्टर प्रयोगशाला का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया, जिसमें सीएसआईआर-सीरी द्वारा विकसित अत्याधुनिक तकनीकों और नवाचारों का प्रदर्शन किया गया, जो उद्योग और समाज दोनों के लिए उपयोगी सिद्ध होंगे। कार्यक्रम में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में ''एफ़ोर्डेबल पीसीआर'' तकनीक का सफलतापूर्वक हस्तांतरण डॉ. श्रीधरन. जे, संस्थापक एवं निदेशक, क्राफ्टज़ाइम्स बायोटेक प्रा. लि., कोयंबटूर, तमिलनाडु को किया गया। सीएसआईआर-सीरी, पिलानी द्वारा विकसित इस अत्याधुनिक तकनीक से स्वास्थ्य परीक्षण और आणविक जांच को अधिक सुलभ और किफायती बनाया जा सकेगा।

ईएसडीएम स्किल कॉन्क्लेव 2025 में औद्योगिक क्षेत्र के विशेषज्ञों, नीति निर्माताओं, शिक्षाविदों और शोधकर्ताओं ने भाग लिया और भारत के ईएसडीएम क्षेत्र के विकास की संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया। कार्यक्रम में जिला कलेक्टर रामावतार मीणा, एसपी शरद चौधरी समेत वैज्ञानिक एवं गणमान्य जन मौजूद रहे।

महामहिम राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने झुंझुनूं के पिलानी में स्थित सीएसआईआर सीरी में स्किल कॉन्क्लेव में हिस्सा लिया।

नानी बाई का मायरा कथा शुरू

मुकुंदगढ़, (निसं)। वार्ड नं. 22 के केडिया गेस्ट हाउस में बुधवार से श्रीमद् भागवत कथा और नानी बाई का मायरा कथा शुरू हुई। नवीन कुमार कुमावत ने बताया कि बुधवार को ठड्डे वाले बालाजी मंदिर से डीजे के साथ महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा कथा स्थल केडिया गेस्ट हाउस पहुंचने के बाद पंडित रामगोपाल मिश्रा ने यजमान सज्जन कुमार ने गणेश पूजन किया। मुख्य कथा वाचक पंडित संजय कृष्ण शास्त्री श्रीमद् द्वारा भागवत कथा एवं रात को चार दिवसीय नानी बाई का मायरा का वाचन शुरू किया। इस दौरान नरसीलाल, ओमप्रकाश, प्रहलादराय चेजारा, लखूराम, विमल कुमावत, लालचंद सहित अन्य उपस्थित थे।

'राजस्थान में भजनलाल सरकार ने अपने दूसरे बजट के माध्यम से खोला खुशियों का पिटारा'

झुंझुनूं, (निसं)। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने विधानसभा में भजनलाल सरकार का दूसरा पूर्ण बजट पेश किया। जिसमें 1 लाख से ज्यादा नौकरियों का ऐलान, हर महीने 150 यूनिट फ्री बिजली की भी घोषणा। इस बजट की सराहना करते हुए श्रीश्याम आशीर्वाद सेवा संस्थान के ट्रस्टी डॉ. डीएन तुलस्यान ने बताया कि राइजिंग राजस्थान के बाद आज पेश बजट की थीम सरकार ने 'ग्रीन थीम बजट' तय की है।

खासतौर पर आज पेश बजट में रिन्यूएबल एनर्जी, रूरल डेवलपमेंट और इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट पर फोकस रहा है। वित्त मंत्री ने बजट में हर विधानसभा क्षेत्र के लिए 10-10 करोड़ रुपये के विकास कार्य कराए जाने का ऐलान किया है जिससे हर विधानसभा क्षेत्र का समुचित विकास हो सकेगा। उन्होंने बजट में फारेस्ट डेवलपमेंट के लिए 27,854 करोड़ के ग्रीन बजट का ऐलान कर इसके तहत 10 करोड़ पौधे लगाए जाने का प्रस्ताव रखा है। जिससे राजस्थान हरा-भरा हो सके। वित्त मंत्री ने ऐलान किया कि मुख्यमंत्री आरोग्य आयुष मां योजना का दायरा बढ़ेगा। साथ ही पीएम किसान सम्मान निधि में अब हर साल 9000 रुपये मिलने से संबंधित हर व्यक्ति को लाभ होगा। केंद्र की स्मार्ट सिटी योजना की तर्ज पर बूंदी, नाथद्वारा, खाटूश्यामजी, माउंट आबू, बालोतरा, भरतपुर, बीकानेर, सवाई माधोपुर, अलवर, जोधपुर, जैसलमेर, किशनगढ़, भीलवाड़ा मंडावा और पुष्कर के शहरी क्षेत्रों को 900 करोड़ रुपए का कोष गठित कर आगामी तीन वर्षों में क्लिन एंड ग्रीन सिटी के रूप में विकसित किए जाने की घोषणा से राजस्थान में पर्यटन विकास के द्वार खुल सकेंगे। राजस्थान बजट में युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के इरादे से एक लाख 25 हजार पदों पर ट्रक-बस ड्राइवर, बढ़ाई, कारीगर, दर्जी, नाई आदि को फ्री चश्मा देने की मा नेत्र वाउचर योजना का ऐलान किया गया है। इस काम के लिए 75 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है। जो की सराहनीय प्रयास है।

वित्त मंत्री दिया कुमारी ने मुख्यमंत्री जल जीवन मिशन (शहरी) योजना शुरू करने का ऐलान कर कहा कि 425 करोड़ रुपए के कार्य ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल के लिए खर्च किए जाएंगे।

पहाडसर गांव निवासी पुलिस जवान का निधन

सादुलपुर, (निसं)। पहाडसर गांव निवासी पुलिस के जवान जसपाल सिंह जाखड का बुधवार को ड्यूटी के दौरान निधन हो गया। शाम पांच बजे मिली जानकारी के अनुसार बुधवार दोपहर बाद पुलिस सम्मान के साथ पुलिस जवान का उनके पैतृक गांव पहाडसर में अंतिम संस्कार किया गया। तथा गार्ड ऑफ ऑनर पेश किया गया। इस मौके पर स्थानीय पुलिस अधिकारी तथा गंगानगर के पुलिस अधिकारियों और जवानों ने पुष्प अर्पित कर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही भाजपा नेता जोगेन्द्र झाझडिया तथा विवेके पूनियां उर्फ सोनू ने भी शव यात्रा में भाग लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार अल सुबह बाथरूम में स्नान करने के लिए गए थे। अचानक उनकी तबियत बिगड गई तथा अस्पताल पहुंचाया गया। लेकिन चिकित्सकों ने उनको मृत घोषित कर दिया। ज्ञात रहे कि 40 वर्षीय जसपाल जाखड 20 मई 2006 में पुलिस में भर्ती हुए थे। तथा वर्तमान में वे श्रीगंगानगर जिले के रावतसर के मुकलावा पुलिस थाने में तैनात थे। तथा घर मे पत्नी राजबाला तथा उनके दो सन्तान है। जिनमे 18 वर्षीय पुत्र मोहित और 14 वर्षीय पुत्री भारती है। तथा माँ एवं एक बडा भाई है। दोपहर बाद पुलिस सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस मौके पर गांव के रलोगों सहित स्थानीय एडिशनल एसपी किशोरी लाल तथा पुलिस के जवानों सहित राजकुमार पूनियां सहित सरपंच प्रतिनिधि विनोद कुमार व अमिलाल आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

अवैध पिस्टल व सात जिंदा कारतूस सहित आरोपी गिरफ्तार

सादुलपुर, (निसं)। हमीरवास थाना पुलिस तथा डीएसटी टीम ने लगातार दूसरे दिन बुधवार को भी बड़ी कार्रवाई करते हुए एक अवैध पिस्टल व सात जिंदा कारतूस बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

शाम साढे 5 बजे दी जानकारी में हमीरवास थाना अधिकारी जय कुमार भादू ने बताया कि महानिरीक्षक पुलिस बीकानेर रेंज के आदेश अनुसार तथा जय यादव जिला पुलिस अधीक्षक चूरू के निर्देशानुसार अवैध हथियारों की धर पकड अभियान अंतर्गत स्थानीय पुलिस अधिकारियों के निकटतम सुपरविजन में पुलिस थाना हमीरवास तथा डीएसटी टीम ने बुधवार को गांव हरपालु से सादुलपुर जाने वाली सड़क के नजदीक जोहड हरपालु में गश्त के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को रोककर जांच की तो उसके पास एक देशी पिस्टल मय मैगजीन सात जिंदा कारतूस बरामद कर पुलिस ने आरोपी अंकित पुत्र सोमवीर जाट (25) निवासी लुदी झाबर पुलिस थाना राजगढ जिला चूरू को गिरफ्तार किया है। तथा आर्म्स एक्ट अंतर्गत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

उन्होंने बताया कि कार्रवाई में डीएसटी टीम प्रभारी सतपाल बिश्नोई, एएसआई महेंद्र सिंह, कांस्टेबल सवित कुमार कानि, सुरेंद्र सिंह कानि व रामपाल कानि चालक आदि ने महत्वपूर्ण भागीदारी निभाई। गौरतलब है कि हमीरवास थाना पुलिस और डीएसटी टीम ने मंगलवार को भी एक आरोपी को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया था।

सरकारी स्कूल के विद्यार्थियों को स्वेटर, जूते, जुराब, पाठ्यसामग्री बांटी

झुंझुनूं, (निसं)। गिन्नीदेवी राधाबल्लभ जी खेतान परिवार झुंझुनूं के सौजन्य से श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के तत्वावधान में पांच सरकारी स्कूल के विद्यार्थियों को स्वेटर, जूते, जुराब एवं पाठ्य सामग्री का वितरण के क्रम में बुधवार को संस्था प्रधान संजय ढाका एवं अध्यापक संजय चौधरी की उपस्थिति में राजकीय प्राथमिक विद्यालय वार्ड नंबर 34 के कक्षा एक से पांच तक के नन्हें मुन्ने बच्चों को स्वेटर, जूते, जुराब एवं पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया।

इस अवसर पर श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के ट्रस्टी परमेश्वर हलवाई, डॉ. डीएन तुलस्यान उपस्थित थे। कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ. डीएन तुलस्यान ने किया। ट्रस्ट, खेतान परिवार एवं उनके द्वारा किए जाने वाले कार्यों की संक्षिप्त जानकारी ट्रस्ट के ट्रस्टी परमेश्वर हलवाई ने दी। उन्होंने बच्चों को मोटिवेशन देते हुए सफलता के गुर भी सिखाए और बताया कि सक्सेस कैसे प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने बच्चों को न केवल ज्ञानवर्धक बातें ही बताई अपितु कैसे स्वस्थ रह सकते हैं के बारे में भी बताया। स्कूल की ओर से संस्था प्रधान संजय ढाका ने अपने उद्बोधन में खेतान परिवार एवं आयोजक संस्था का आभार व्यक्त किया कि वे इस प्रकार का पुनीत कार्य कर रहे हैं।

राजकीय प्राथमिक विद्यालय वार्ड नंबर 34 के बच्चों को स्वेटर, जूते, जुराब एवं पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया।

सार-समाचार

सांसद कस्वां ने बीएसएनएल राजस्थान के मुख्य महाप्रबंधक से मुलाकात की

सादुलपुर, (निसं)। चूरू सांसद राहुल कस्वां ने बीएसएनएल राजस्थान के मुख्य महाप्रबंधक से मुलाकात कर चूरू संसदीय क्षेत्र में मोबाईल नेटवर्क सम्बन्धित पहलुओं पर चर्चा की। बुधवार दोपहर तीन बजे दी जानकारी में सांसद राहुल कस्वा ने मुख्य महाप्रबंधक से मुलाकात कर बताया कि हमारे चूरू क्षेत्र के विभिन्न गांवों में मोबाईल नेटवर्क की समस्या बहुत ज्यादा है। मोबाईल नेटवर्क कनेक्टिकट न मिलने से आमजन को हर दिन समस्या का सामना करना पडता है। डिजिटलीकरण के इस दौर में भी बहुत से क्षेत्रो में मोबाईल से बात करने में काफी दिक्कतें रोजमर्रा के दौरान आती हैं। नये टावर लगाने से ही यह समस्या खत्म हो सकती है। उन्होंने बताया कि चूरू, सुजानगढ, रतनगढ, सरदारशहर, तारानगर, सादुलपुर, भादरा व नोहर क्षेत्र के अनेकों गांवों में टावर लगाने की नितांत आवश्यकता है। बीएसएनएल राजस्थान के मुख्य महाप्रबंधक ने कहा कि जिन गांवों की सूची हमें मिली है, वहां मोबाईल नेटवर्क विस्तार की भरपूर कोशिश करेंगे।

बजट को लेकर खुशी की लहर

सादुलपुर, (निसं)। सादुलपुर में विधानसभा बजट पेश होने के बाद बुधवार शाम को भाजपा कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। शाम चार बजे दी जानकारी में भाजपा किसान मोर्चा चूरू जिला अध्यक्ष एडवोकेट ओमप्रकाश खीचड के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जमकर जश्न मनाया और आतिशबाजी कर खुशी मनाई। भाजपा किसान मोर्चा चूरू जिला अध्यक्ष के कार्यालय के सामने कार्यकर्ताओं ने 'मोदी सरकार जिंदाबाद' के नारे लगाए और बजट की सराहना की। एडवोकेट ओमप्रकाश खीचड ने कहा कि यह बजट किसानों, गरीबों और युवाओं के लिए लाभदायक होगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार व राज्य सरकार की नीतियों से आम जनता को राहत मिलेगी और विकास को नई गति मिलेगी। इस मौके पर भाजपा किसान मोर्चा जिला महामंत्री कृष्ण भाकर, भाजपा किसान मोर्चा शहर मंण्डल अध्यक्ष राकेश सैनी, गुलपुरा मंण्डल अध्यक्ष मुकेश निमिवाल, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष सांवरमल स्वामी, दुर्गेश धन्धावत, विजय सैनी, श्याम तोषनीवाल, अशोक चांगल, मनोज सिंह, सुमेर नाई, राजू शर्मा, नासिर खोखर सहित भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहें।

'एक शाम लखदातार के नाम' कार्यक्रम 24 को

लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी (निसं)। सोमानी गैस एजेंसी के पास स्थित श्याम मंदिर प्रांगण में बाबा श्याम के भव्य संकीर्तन महोत्सव एक शाम लखदातार के नाम कार्यक्रम का भव्य आयोजन 24 फरवरी को होगा ।कार्यक्रम में कोलकाता के नवीन जोशी,मोनू मोर व शेखावाटी के लोकगायक पवन शर्मा निर्मल बाबा के दरबार में शानदार भजनों की प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम में बाबा श्याम का भव्य दरबार सजाया जाकर अलौकिक श्रृंगार किया जाएगा। कार्यक्रम में दिव्य ज्योति, पुष्प वर्षा, इत्र वर्षा, बाबा का खजाना, गजरा नृत्य,धमाल एवं छप्पन भोग की झांकी मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेगी। श्याम मंदिर प्रांगण मे पुजारी रवि जोशी एवं सर्व सिद्धि विनायक गणेश मंदिर में मांगीलाल पुजारी के सानिध्य में पंपलेट का विमोचन एवं वितरण कार्य प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर श्याम मंदिर पुजारी रवि जोशी, दिनेश बजाज,आकाश झुरिया, सुनील सोनी, शिव कुमार गठेलवाल, अमित खुडीवाला, आकाश सैनी, अनमोल सुरेका, लकी कुमावत, रजत कुमावत, दीपक कुमावत, सतपाल सिंह, तिलक वर्मा, सुधीर सिंह, अंकित जाजोदिया, अमित बजाज, हरीश, मयंक शर्मा सहित श्याम प्रेमी उपस्थित थे।

'प्लास्टिक मुक्त भारत' सेमीनार आयोजित

झुंझुनूं, (निसं)। हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स राजस्थान राज्य के प्रदेश अध्यक्ष एवं शिक्षा मंत्री मदन दिलावर की प्रेरणा से हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स राजस्थान राज्य जिला मुख्यालय झुंझुनूं द्वारा चलाए जा रहे 'प्लास्टिक मुक्त भारत' अभियान के तहत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय आबूसर में सेमीनार का आयोजन किया गया। हिंदुस्तान स्काउट गाइड के जिला आर्गेनाइजर प्रदीप ईशरवाल नें सेमीनार को संबोधित करते हुए सिंगल उसे प्लास्टिक के उपयोग से होने वाले नुकसान के बारे में बताया एवं सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने के लिए शपथ दिलाई। रोवर लीडर नीरज कुमार नें संबोधित करते हुए कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग मौत को न्यौता देना है। भारत सरकार द्वारा जारी रिकॉर्ड के अनुसार प्रत्येक वर्ष लगभग सात लाख लोग सिंगल यूज प्लास्टिक से होने वाले प्रदूषण की वजह से मौत के शिकार हो रहे है। प्राचार्य मीना ने सभी का आभार व्यक्त किया।

राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के लिये बैठक हुई

रतनगढ़ (निसं)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, चूरू के निर्देशानुसार 08 मार्च 2025 को प्रस्तावित आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल क्रियान्व्यन एवं राजीनामा योग्य लंबित प्रकरणों के अधिकाधिक निस्तारण हेतु दिनांक 19 फरवरी 2025 को अपर जिला एवं से संज्ञा यदि सुरेंद्र कौशिक रतनगढ की अध्यक्षता में मोटर दुर्घटना दावा के न्यायालयों में लंबित प्रकरणो के अधिकाधिक निस्तारण हेतु बीमा कंपनियों के नोडल अधिकारियों के साथ ऑनलाईन बैठक का आयोजन किया गया। उक्त बैठक में अध्यक्ष महोदय द्वारा बीमा कंपनियों को न्यायालयों द्वारा आयोजित प्री कॉउंसलिंग सत्रों में अपेक्षित सहयोग प्रदान करने के निर्देश दिये गये। इसी क्रम में प्री लिटिगेशन प्रकरणों, तथा धारा 138 एन आई एक्ट के न्यायालय में लंबित प्रकरणों के अधिक अधिक से अधिक निस्तारण हेतु मीटिंग का आयोजन रतनगढ किया गया।

'सीएम ने प्रत्येक वर्ग की चिंता की'

झुंझुनूं, (निसं)। राज्य के बजट को भाजपा जिला महामंत्री योगेन्द्र मिश्रा ने ''सर्वजन हिताय-सर्वजन सुखाय'' को समर्पित बजट बताया है। उन्होंने बताया कि राजस्थान का यह बजट हर घर को खुशहाली देगा। क्योंकि बजट में यशस्वी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रत्येक वर्ग की चिंता की है। किसान, आम आदमी, महिला वर्ग को आर्थिक स्वावलम्बी बनाने के लिए कई योजना है साथ ही सोलर एनर्जी के लिए विशेष योजना है। शेखावाटी की हवेली के संरक्षण व सर्वधन के लिए बजट में योजना का उल्लेख आवश्यक कदम है इससे नवलगढ़, मंडावा, फतेहपुर, रामगढ़ की हवेलियों के संरक्षण के साथ पर्यटन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण लाभ मिलेगा।

बजट को विकासवादी बताया

झुंझुनूं, (निसं)। भाजपा जिला उपाध्यक्ष व पूर्व प्रधान सुशीला सीगड़ा ने वित्त मंत्री दीया कुमारी व मुख्यमंत्री भजनलाल को रोजगारमुखी एवं विकासवादी बजट प्रस्तुत करने पर बधाई दी है। सीगड़ा ने बजट में पत्नी के साथ संयुक्त संपत्ति खरीदने पर स्टाम्प ड्यूटी में आधा प्रतिशत की छुट दी है। एक लाख 25 हजार सरकारी नौकरियों की घोषणा की है तथा निजी क्षेत्र में भी रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। किसान सम्मान निधि आठ हजार से बढाकर नौ हजार की गई है। गेंहूं पर भी 150 रुपए के बोनस की घोषणा से किसानों को फायदा मिलेगा। स्मार्ट सिटी योजना में मंडावा को ग्रीन इको सिटी के रूप में विकसित करने पर भी मुख्